# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में चौकी सीतापुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामघाट,निर्मोही अखाड़ा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदाकिनी नदी के बड़े जल स्तर से बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सतर्क रहने और लोगों की मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी से अपील की कि मंदाकिनी नदी का जल स्तर बहुत ज्यादा बढ़ चुका है कृपया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान रहे जब तक स्थिति सामान्य न हो जाए इसके साथ सभी को बचाव के तरीके के बारे मे जानकारी दी गई। सभी से अपील की गई कि किसी भी स्थिति में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में न जाए। रामघाट व उसके आस पास स्थित दुकानों के सामान को खाली करा कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है आवागमन पूर्ण रूप से बंद है राहत कार्य हेतु पुलिस बल मौके पर मौजूद है।
इस दौरान चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता,पीआरओ श्री प्रदीप पाल व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

(4). आज दिनांक 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी अंतर्गत चौकी सीतापुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामघाट,निर्मोही अखाड़ा में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

(5). रात्रिकालीन भारी वर्षा के कारण मंदाकिनी नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम ने मंदाकिनी नदी रामघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में बाढ़ संबंधित एक कंट्रोल रूम बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो जलस्तर बढ़ने से लोग प्रभावित हैं उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित किया कि पानी का स्तर जैसे कम होता है साफ सफाई व ब्लीचिंग पाउडर अवश्य प्रभावित क्षेत्रों में छिड़काव करें उन्होंने आए श्रद्धालुओं से अपील किया है कि मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है स्नान बाहर ही करें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर बाढ़ की व्यवस्थाओं को देखते रहें जहां जैसी आवश्यकता हो उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर श्री राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लालजी यादव शहित तहसीलदार नायब तहसीलदार उपस्थिति थें।

(6). आज दिनांक 12.07.2025 को मंडलायुक्त चित्रकूटधाम बांदा श्री अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र चित्रकूटधाम बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा मंदाकिनी नदी का जल स्तर बढ़ने से चौकी सीतापुर अंतर्गत रामघाट,निर्मोही अखाड़ा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।
इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेशचंद्र निगम,अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह,उपजिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल उपस्थित रहे।